भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1235

सोमवार, 08 दिसंबर, 2025 /17 अग्रहायण, 1947 (शक)

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में ईएसआई अस्पताल की स्थापना

†1235. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मार्च 2019 में सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने की मंजूरी दी गई है ताकि ईएसआई लाभार्थियों को निवारक, प्रवर्तक, उपचारात्मक और पुनर्वास सेवाओं सहित प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक देखभाल चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त अस्पताल के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था और स्टाफ क्वार्टरों के लिए अतिरिक्त एक एकड़ भूमि भी निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त भूमि का निरीक्षण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया है और चिन्हित स्थल को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो निविदा प्रक्रिया शुरू करने में देरी के क्या कारण हैं और सरकार द्वारा निर्माण पूरा करके ईएसआई लाभार्थियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं कब तक शुरू किए जाने की योजना है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने मार्च 2019 में नेल्लोर जिले के श्री सिटी में और जुलाई 2022 में नेल्लोर जिले में क्रमशः दो 100-बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल स्थापित करने के लिए "सैद्धांतिक" अनुमोदन प्रदान किया। श्री सिटी में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल के लिए, स्टाफ क्वार्टर के प्रावधान सहित 5 एकड़ जमीन अधिग्रहीत की गई है, और इसे कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अपनी दिनांक 27.06.2025 को आयोजित हुई 196वीं बैठक में स्वीकार कर लिया है। नेल्लोर में दूसरा 100 बिस्तर वाला अस्पताल ईएसआईसी की 2 एकड़ जमीन पर बनाया जाना है। राज्य सरकार ने स्टॉफ क्वार्टर्स के लिए अतिरिक्त 1 एकड़ जमीन चिन्हित की है और इस जमीन की उपयुक्तता की जांच ईएसआईसी द्वारा की जा रही है, जिसके बाद निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

******